# जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन(जल जीवन मिशन) की गठित समिति की दिनॉक 01.06.2021 को जूम ऐप द्वारा ऑन लाइन सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त

नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1 के शासनादेश संख्या–95/छिहत्तर–1–2020–20 स्वजल/2010 टीसी–अ दिनॉक 21 जनवरी, 2020 के द्वारा जनपद स्तर पर "**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन**" का पुनर्गठन किया गया है। उक्त के अनुपालन में अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में गठित जिला पेयजल एवं स्वच्छता समति की बैठक दिनॉक 01.06.2021 को जूम ऐप के माध्यम से ऑन लाईन सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित अधिकारीगण/प्रतिनिधि उपस्थित हुए–

1– जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर – अध्यक्ष।
2– मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर – सदस्य।
3– जिला विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर – सदस्य।
4– मुख्य चिकित्साधिकारी, मुजफ्फरनगर – सदस्य।
5– प्रभागीय निदेशक सामाजिकी वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर – सदस्य।
6– जिला पंचायत राज अधिकारी, मुजफ्फरनगर – विशेष आमंत्रित सदस्य।
7– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुजफ्फरनगर – सदस्य।
8– जिला कृषि अधिकारी, मुजफ्फरनगर – सदस्य।
9– अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम, मुजफ्फरनगर – सदस्य सचिव।
10– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, मुजफ्फरनगर – सदस्य।
11– अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, सहारनपुर– सदस्य।
12– समस्त उपजिलाधिकारी, जनपद–मुजफ्फरनगर – विशेष आमंत्रित सदस्य।
13– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, मुजफ्फरनगर – सदस्य।
14– प्रभारी सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई मुजफ्फरनगर– विशेष आमंत्रित सदस्य।
15– प्रतिनिधि मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0, मुम्बई।

बैठक का प्रारम्भ एवं संचालन श्री योगेश रायजादा, अधिशासी अभियन्ता/सदस्य सचिव, उ0प्र0 जल निगम, मुजफ्फरनगर द्वारा किया गया एवं अवगत कराया गया कि अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रॉक 2209/डब्लू–22/एन0आई0टी0/2020–21 दिनॉक 18 जनवरी, 2021 के द्वारा मै0 गायत्री प्रोजेक्ट लि0 तथा रैमकी इन्फास्ट्रक्चर जे0वी0 6–3–1090 टी0एस0आर0 टॉवर सुमाजीगुढा, राजभवन रोड, हैदराबाद को जनपद मुजफ्फरनगर के पूर्व निर्मित पाइप पेयजल योजनाओ के पुनर्गठन हेतु सूचीबद्ध किया गया है। जनपद मुजफ्फरनगर में 14 नग पूर्व निर्मित योजनाओ के पुनर्गठन हेतु सूची उक्त फर्म को जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनॉक 09.03.2021 को सम्पन्न बैठक में उपलब्ध करा दी गयी थी।

साथ ही यह भी अवगत कराया गया कि जनपद मुजफ्फरनगर में नई पेयजल योजनाओ के लिए राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग लखनऊ के कार्यालय पत्रॉक 2370/डब्लू–22/एन0आई0टी0/2020–21 दिनॉक 23.01.2021 के द्वारा मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0 6वॉ तल कल्पतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने, सान्ताकूज (ईस्ट) मुम्बई को सूचीबद्ध करते हुए 221 ग्राम पंचायतो की सूची जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की दिनॉक 09.03.2021 को सम्पन्न बैठक में उपलब्ध करा दी गयी थी।

जनपद मुजफ्फरनगर में कुल 498 नग ग्राम पंचायते है। वर्तमान में 162 नग ग्राम पंचायतो में पेयजल योजना पूर्व निर्मित/निर्माणाधीन है। इस प्रकार कुल 336 ग्राम पंचायतो में पाईप पेयजल योजना निर्मित की जानी अवशेष है, जिसके सापेक्ष प्रथम चरण में 221 नग ग्राम पंचायतो की सूची मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0 6वॉ तल कल्पतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई को उपलब्ध करा दी गयी है।

मुख्य अभियन्ता(गा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, गाजियाबाद द्वारा दिये गये निर्देशो के कम में डी0पी0आर0 की चैकिंग उपरान्त पाई गई कमियो के निराकरण उपरान्त संशोधित डी0पी0आर0 सम्बन्धित फर्म द्वारा उपलब्ध कराई जानी है।

शासन स्तर पर एस0एल0एस0एस0सी0 की बैठक दिनॉक 08.06.2021 को होनी प्रस्तावित है। शासनादेश संख्या 1197/छिहत्तर–1–2021–25 सम/2019 दिनॉक 21 मई 2021 द्वारा दिये गये निर्देशो के कम में उपलब्ध कराये गये प्राक्कलनो की नियमानुसार 02 करोड से कम लागत की योजनाओ की स्वीकृति एवं 02 करोड से अधिक लागत की योजनाओ की संस्तुति जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन से कराते हुए प्राप्त संशोधित प्राक्कलन डी0डब्लूएस0एम0 के माध्यम से राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ को प्रेषित किये जाने है।

भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा एवं मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर द्वारा सभी उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी सदर, मुजफ्फरनगर द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील सदर के अन्तर्गत चारो विकास खण्डो(सदर, पुरकाजी, चरथावल व बघरा) में 112 ग्राम पंचायतो की सूची के सापेक्ष अभी तक कुल 15 ग्राम पंचायतो में भूमि प्राप्त हो गई है। भूमि प्रस्ताव एक दो दिन में उपलब्ध करा दिया जायेगा। अन्य ग्राम पंचायतो में भी भूमि यथाशीघ्र उपलब्ध करा दी जायेगी। उपजिलाधिकारी, जानसठ, मुजफ्फरनगर द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील जानसठ के अन्तर्गत दोनो विकास खण्डो (जानसठ एवं मोरना) में 33 ग्राम पंचायतो की सूची के सापेक्ष अभी तक कुल 10 ग्राम पंचायतो में भूमि प्राप्त हो गई है। भूमि प्रस्ताव एक दो दिन में उपलब्ध करा दिया जायेगा। उपजिलाधिकारी, खतौली, मुजफ्फरनगर द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील खतौली के अन्तर्गत दोनो विकास खण्डो (खतौली एवं शाहपुर आंशिक) में 49 ग्राम पंचायतो की सूची के सापेक्ष अभी तक कुल 10 ग्राम पंचायतो में भूमि प्राप्त हो गई है। भूमि प्रस्ताव एक दो दिन में उपलब्ध करा दिया जायेगा। उपजिलाधिकारी, बुढाना, मुजफ्फरनगर द्वारा अवगत कराया गया कि तहसील बुढाना के अन्तर्गत दोनो विकास खण्डो (बुढाना एवं शाहपुर) में 27 ग्राम पंचायतो की सूची के सापेक्ष अभी तक कुल 10 ग्राम पंचायतो में भूमि प्राप्त हो गई है। भूमि प्रस्ताव एक दो दिन में उपलब्ध करा दिया जायेगा।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त उपजिलाधिकारियो को निर्देशित किया गया कि भूमि प्रस्ताव में प्रदान की जाने वाली भूमि अधिक गहरी न हो, गड्ढे इत्यादि न हो, यथासंभव समतल भूमि प्रदान की जाये।

सम्बन्धित फर्म मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0 का जनपद में अभी तक कोई भी कार्यालय नही खोला गया है, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा अत्यन्त रोष प्रकट किया गया एवं सम्बन्धित फर्म को निर्देश दिये गये कि जनपद में तुरन्त से कार्यालय बनाकर कम्पनी के कर्मचारियो की सूची उपलब्ध कराये एवं भूमि प्रस्ताव प्राप्त करने हेतु मैन पावर बढाकर भूमि प्रस्ताव से सम्बन्धित कार्यवाही अगले एक दो दिन के अन्दर पूर्ण कर लें। फर्म द्वारा अभी तक कोई भी संशोधित डी0पी0आर0 प्रस्तुत नही की गयी है। फर्म को निर्देश दिये गये कि अगले एक से दो दिनो के अन्दर अधिक से अधिक संशोधित डी0पी0आर0 प्रस्तुत करे, ताकि राज्य स्तरीय योजना स्वीकृति समिति (SLSSC) की दिनॉक 08.06.2021 को होने वाली बैठक में जनपद मुजफ्फरनगर की डी0पी0आर0 प्रेषित हो सके। यदि अगले एक दो दिनो के अन्दर फर्म द्वारा कोई संशोधित डी0पी0आर0 प्रस्तुत नही की जाती है तो डी0पी0आर0 SLSSC की दिनॉक 08.06.2021 को होने वाली बैठक में शामिल नही हो पायेंगे एवं यदि ऐसा हुआ तो फर्म के विरूद्ध कार्यवाही हेतु उत्तर प्रदेश शासन को संस्तुति कर दी जायेगी।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा सदस्य सचिव एवं अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम, मुजफ्फरनगर को निर्देशित किया गया कि पुनर्गठन हेतु प्रस्तावित 14 पेयजल योजनाओ पर कार्यवाही हेतु नामित फर्म मै0 गायत्री प्रोजेक्ट लि0 तथा रैमकी इन्फ्रास्ट्रक्चर जे0वी0 को यथाशीघ्र डी0पी0आर0 प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित करे एवं अगली प्रस्तावित बैठक में उक्त फर्म को भी बुलाया जाये।

अन्त में उपस्थिति सभी अधिकारियो एवं फर्म के प्रतिनिधि के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बैठक समाप्त करने की घोषणा की गयी।

(सेल्वा कुमारी जे0)
**जिलाधिकारी / अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**

## कार्यालय जिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।

दिनॉकः– 02–06–2021

पत्रांक 1013 / 731 / 69

प्रतिलिपि निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ प्रेषितः–

1– प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति अनुभाग–1, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ।
3– मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
4– आयुक्त महोदय, सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर।
5– मुख्य विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
6– जिला विकास अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
7– समस्त उपजिलाधिकारी, मुजफ्फरनगर।
8– निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, मुजफ्फरनगर।
9– जिला कृषि अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
10– जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
11– जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
12– जिला पंचायत राज अधिकारी, मुजफ्फरनगर।
13– मुख्य चिकित्साधिकारी, मुजफ्फरनगर।
14– अधिशासी अभियन्ता, उत्तर प्रदेश जल निगम, मुजफ्फरनगर को उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु।
15– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, मुजफ्फरनगर।
16– अधिशासी अभियन्ता, भूगर्भ जल विभाग, सहारनपुर।
17– प्रभारी सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई, मुजफ्फरनगर।
18– मै0 गायत्री प्रोजेक्ट लि0 तथा रैमकी इन्फ्रास्ट्रक्चर जे0वी0 6–3–1090 टी0एस0आर0 टॉवर सुमाजीगुढा, राजभवन रोड, हैदराबाद।
19– मै0 जे0एम0सी0 प्रोजेक्ट एवं एल0सी0ई0एस0पी0एल0 जे0वी0 6वॉ तल कल्पतरू सेनर्जी ग्राण्ड हायात होटल के सामने, सान्ताक्रूज (ईस्ट) मुम्बई।

2/6/21

**जिलाधिकारी / अध्यक्ष**
**जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,**
**मुजफ्फरनगर।**